www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
नई दिल्ली, शुक्रवार, 26 नवम्बर, 2021 | वर्ष-14 | अंक -224 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

उत्तर भारत के लिए महत्वपूर्ण जेवर एयरपोर्ट : रियलटी उद्योग

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के माइक्रो मार्केट में रियल एस्टेट के बिक्री सेंटिमेंट में बढोतरी हुई

नई दिल्ली, 25 नवम्बर (एजेंसियां)। दुनिया के चौथे और एशिया के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज भूमि पूजन किए जाने रियलटी उद्योग ने इस एयरपोर्ट को उत्तर भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर के नए युग की शुरुआत है। इस एयरपोर्ट को लेकर मोदी सरकार के प्रथम कार्यकाल में ही प्रयास शुरू हुये थे। इसके साथ ही जेवर के आसपास भूमि की कीमतों में बढोतरी होने लगी थी। रियलटी कंपनियों के अनुसार एयरपोर्ट के कारण नोएडा और ग्रेटर नोएडा के माइक्रो मार्केट में रियल एस्टेट के बिक्री सेंटिमेंट में बढोतरी दर्ज की गयी है। रियलटी बिक्री में वर्ष 2019 में 17 प्रतिशत, 2020 में 19 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गयी थी लेकिन चालू वर्ष में जनवरी से सितम्बर के बीच 31 फीसदी की जबरदस्त बढोतरी हुयी है। इस एयरपोर्ट के कारण नोएडा और ग्रेटर नोएडा के माइक्रो मार्केट में अगर सालाना आधार पर ग्रोथ देखा जाये तो यह 99 फीसदी रही है लेकिन रिलयटी कंपनियों का कहना है कि उस अनुपात में कीमतों में बढोतरी नहीं हुई है। कोरोना महामारी के कारण कीमतों पर असर पड़ा है।

जनवरी से सितम्बर के बीच 31 फीसदी की जबरदस्त बढोतरी हुई

गौड़ ग्रुप के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एचं उत्तर क्रेडाई के उपाध्यक्ष मनोज गौड़ ने जेवर एयरपोर्ट की आधारशिला रखे जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे और एनसीआर क्षेत्र के लिए आज का दिन खास है। यह इस क्षेत्र में तेज गति से विकास के लिए अभूतपूर्व योगदान देगा। इस क्षेत्र में पहले से ही भारी निवेश देखा गया है, अब इसके परिणामस्वरूप न केवल येडा क्षेत्र बल्कि पूरे राज्य का आर्थिक विकास होगा। बढ़ती व्यावसायिक गतिविधियां रोजगार के अवसरों को भी सुनिश्चित करेगी जिसके परिणामस्वरूप आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियों की मांग में वृद्धि होनी चाहिए। गुलशन ग्रुप के निदेशक दीपक कपूर ने जेवर एयरपोर्ट की आधारशिला को एक अच्छी खबर बताया और कहा कि यह निश्चित रूप से नोएडा को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करेगा। यह कई उद्योगों से बहुत अधिक निवेश लाएगा। एचएनआईएस, यूएचएनआई सहित नए कॉर्पोरेट वर्ग को सहज कनेक्टिविटी और फिल्म सिटी जैसे उच्च इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के कारण, दीर्घकालिक आय के अवसरों के लिए शहर का मूल्यांकन करने के वास्ते आकर्षित करेंगे, इन सब के बीच रियल एस्टेट निश्चित रूप से एक उज्जवल विकल्पों के रूप में उभरेगा। एसकेए ग्रुप के निदेशक संजय शर्मा ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होने जा रहा है। यहाँ आस-पास के क्षेत्र निवेशकों और अंतिम उपयोगकर्ताओं का ध्यान आकर्षित करना जारी रखेंगे, जिसके कारण नए लोन एवं बिक्री गतिविधियों और आगामी परियोजनाओं की संख्या में वृद्धि होगी। यह मूल्य निर्धारण के सन्दर्भ में भी अच्छा होगा, क्योंकि यह क्षेत्र विभिन्न सेक्टर की संपत्तियों की पूर्ति का केंद्र बन जाएगा।

गौड़ ग्रुप के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एचं उत्तर क्रेडाई के उपाध्यक्ष मनोज गौड़ ने जेवर एयरपोर्ट की आधारशिला रखे जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे और एनसीआर क्षेत्र के लिए आज का दिन खास है। यह इस क्षेत्र में तेज गति से विकास के लिए अभूतपूर्व योगदान देगा। इस क्षेत्र में पहले से ही भारी निवेश देखा गया है, अब इसके परिणामस्वरूप न केवल येडा क्षेत्र बल्कि पूरे राज्य का आर्थिक विकास होगा। बढ़ती व्यावसायिक गतिविधियां रोजगार के अवसरों को भी सुनिश्चित करेगी जिसके परिणामस्वरूप आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियों की मांग में वृद्धि होनी चाहिए। गुलशन ग्रुप के निदेशक